# आजा अब तो सांवरे मन कहीं भी ना लागे भजन लिरिक्स

आजा अब तो सांवरे,
मन कहीं भी ना लागे,
सब सूना सूना लागे,
राधा के श्याम,
तुम मिलोगे कहाँ,
ओ मीरा के श्याम,
तुम मिलोगे कहाँ,
आजा अब तो साँवरे।bd।

तर्ज – वादा कर ले साजना।

---

दाता है तू और भिखारी हूँ मैं,
तेरे चरणों का पुजारी हूँ मैं,
कैसे दर से दूर हो जाऊं,
तेरे चरणों में है अर्जी मेरी,
सुन या ना सुन ये है मर्जी तेरी,
फिर भी तेरा ही ध्यान लगाऊं,
आजा अब तो पालनहार,
मन कहीं भी ना लागे,
सब सूना सूना लागे,
इतना बता तुम मिलोगे कहाँ,
तुम मे जहां तुम मिलोगे कहाँ,
आजा अब तो साँवरे।bd।

---

मेरे मोहन मैं देखूँ जिधर,
देखू जिधर तू ही आए नज़र,
इन ख़यालो को ऐसा सजा दे,
ऐसी भक्ति ये मुझ में जगा,
तेरा हूँ तेरा जो रहूं मैं सदा,
ऐसी प्रेम की लगन लगा दे,
आजा अब तो यशोदा के लाल,
मन कहीं भी ना लागे,
सब सूना सूना लागे,
ओ माखन चोर तुम मिलोगे कहाँ,
हे मटकी फोड़ तुम मिलोगे कहाँ,
आजा अब तो साँवरे।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जीवन पे लिख दिया नाम तेरा,
तेरे सिवा नहीं कोई मेरा,
और किसी को क्यों अपना बनाऊं,
मेरी सांसों में हो सुमिरन तेरा,
यूं ही बीत जाए ये जीवन मेरा,
श्याम मेरे दिल में समाओ,
आजा अब तो खेवनहार,
मन कहीं भी ना लागे,
सब सूना सूना लागे,
रहता क्यों दूर अब पास तो आ,
क्या मेरा कसूर आ गले से लगा,
आजा अब तो साँवरे।bd।

---

आजा अब तो सांवरे,
मन कहीं भी ना लागे,
सब सूना सूना लागे,
राधा के श्याम,
तुम मिलोगे कहाँ,
ओ मीरा के श्याम,
तुम मिलोगे कहाँ,
आजा अब तो साँवरे।bd।

**Singer – Ajay Goyal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com